Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding doubling of Rajkot-Surendranagar railway line.

श्री मोहनभाई कुंडारिया (राजकोट): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र राजकोट-सुरेंद्रनगर रेलवे लाइन के दोहरीकरण का कार्य बहुत टाइम से चल रहा है । वह कार्य कब पूरा होने वाला है? वह दोहरीकरण केवल राजकोट के लिए ही नहीं परंतु सौराष्ट्र क्षेत्र के लिए भी कारगर होगा । सौराष्ट्र क्षेत्र में ऐतिहासिक सोमनाथ व द्वारका मंदिर और गिर जंगलों को देखने के लिए दुनिया भर से तीर्थयात्री एवं पर्यटक आते हैं । इसलिए सुरेंद्रनगर-राजकोट रेल लाइन का दोहरीगण जल्दी पूर्ण करने के लिए आपके माध्यम से मैं मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ ।